तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर
विद्यालय ई-पत्रिका
सत्र 2020-21

Ph No.- 0131-2620297

E-mail ID – kvmzn5@gmail.com

Website- https//:muzaffarnagar.kvs.ac.in

संपादक मण्डल

मुख्य संरक्षक

श्री चंद्रशेखर आजाद

उपायुक्त,

के.वि.सं. , आगरा संभाग

संरक्षक

श्री ब्रिजेशपाल सिंह

प्राचार्य ,

के.वि. मुज़फ्फरनगर

प्रधान संपादक

ओम प्रकाश

स्नातकोत्तर शिक्षक

संपादक

1. श्री आदेश कुमार , स्नातकोत्तर शि. प्रथम पाली
2. श्री आशीष भटनागर, प्र.स्ना. शि. प्रथम पाली
3. श्रीमती संतोष कन्नौजिया, प्र.स्ना. शि. प्रथम पाली
4. श्रीमती शिखा, प्र.स्ना. शि. प्रथम पाली
5. श्री विनोद कुमार, प्र.स्ना. शि. प्रथम पाली
6. श्री दशरथ मीणा प्र.स्ना.शि. द्वितीय पाली
7. श्री आलम टिग्गा प्र.स्ना.शि. द्वितीय पाली
8. श्रीमती योगिता शर्मा प्रा. शि. प्रथम पाली

विद्यार्थी संपादक

1. कुमारी सृष्टि , XII A
2. कुमारी नेहा गौतम XIIB
3. कु. मोहिनी सिंह XI A
4. कु. मनस्वी चौधरी XI B

साज सज्जा एवं कवर

श्री दीपक शर्मा

संदेश.....

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर द्वारा अपनी वार्षिक ई-पत्रिका 2020-21 का प्रकाशन करवाया जा रहा है।

समग्र संभावनाओं से समन्वित बाल कलाकारों एवं सुधी शिक्षकों के भाव एवं विचारों का प्रतिबिंब स्वरूप विद्यालय की वार्षिक ई-पत्रिका आपके समक्ष है । किसी भी विद्यालय की पत्रिका उस विद्यालय का दर्पण होती है। उसी से विद्यालय की सांस्कृतिक, शैक्षणिक,खेलकूद एवं अनेक रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्यिक अभिरुचि का भी पता चलता है। विद्यालय पत्रिका इस बात का प्रमाण है कि शिक्षार्थियों के समुचित सकारात्मक, सर्वांगींण एवं सृजनात्मक विकास हेतु विद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है।

पत्रिका प्रकाशन पर मैं उन सभी अभिभावकों ,शिक्षार्थियों ,शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, जिन्होंने पत्रिका हेतु अपनी रचनाएं एवं कलाकृतियाँ प्रकाशनार्थ देकर प्रोत्साहित किया है, उन सभी के प्रति विनम्र साधुवाद ज्ञापित करता हूँ। पत्रिका के संपादक तथा संपादक मण्डल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। इस ई-पत्रिका के प्रकाशन से छात्रों में निहित सृजनात्मक प्रतिभा उभर कर सामने आ सकेगी तथा इन्हीं बाल कलाकारों में से भविष्य में कुछ अच्छे चित्रकार, पत्रकार, लेखक व कवि रुप में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब होंगे। यह मेरा सहज विश्वास है।

स्वामी विवेकानंद जी के शब्दों में-

“ उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। “

शुभकामनाएं।

चन्द्रशेखर

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
आगरा संभाग, आगरा

चंद्र भूषण सिंह आई. ए. एस.

जिला मजिस्ट्रेट

एवं

अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति

केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संदेश.....

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य छात्र-छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास करते हुए समाज का संवेदनशील नागरिक बनाना है। यह तभी संभव हो सकता है, जब उनको व्यक्तिगत एवं सामूहिक क्रियाकलापों में प्रतिभागिता हेतु अवसर दिया जाता है। मुझे बेहद प्रसन्नता है कि केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर वार्षिक ई-पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों में सृजन कौशल के विकास हेतु सक्रिय है। विद्यालय का यह प्रयास विद्यार्थियों को रचनात्मकता की ओर ले जायेगा , जहाँ कविता,कहानी,निबंध, यात्रा साहित्य, अनुच्छेद लेखन एवं चित्रकला का सृजन होगा। विद्यालय ई-पत्रिका निश्चित रूप से विद्यार्थियों की अंतर्निहित योग्यताओं का प्रतिबिंब होगी।

मैं विद्यालय के प्राचार्य श्री बृजेश पाल सिंह, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षार्थियों को विद्यालय ई-पत्रिका के सफल प्रकाशन की असीम शुभकामनाएँ ।

चंद्र भूषण सिंह आई.ए.एस
अध्यक्ष, वि.प्र.समिति
के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

विद्यालय प्रबंध समिति
Vidyalaya Management Committee
केन्द्रीय विद्यालय Kendriya Vidyalaya
मुज़फ़्फ़रनगर Muzaffarnagar

आलोक यादव आई. ए. एस.

मुख्य विकास अधिकारी

एवं

अध्यक्ष नामित, विद्यालय प्रबंधन समिति

केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संदेश ....

विद्यालय पत्रिका विद्यालय गतिविधियों का प्रतिबिंब होती है। विद्यालय सक्रियता एवं रचनात्मकता की झलक देखने को मिलती है। विद्यालय पत्रिका बच्चों को अपनी प्रतिभा , योग्यता एवं रचनात्मकता की अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती है।

बच्चे विभिन्न गतिविधियों (कविता, कहानी, एकांकी , संस्मरण, निबंध, अनुच्छेद, अनुभव, ड्रॉइंग, पेंटिंग, कार्यानुभव , नवीन प्रयोग) के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का परिचय देते हैं। विद्यालय द्वारा पत्रिका का ई-प्रकाशन कागज़ की बचत एवं पेड़ संरक्षण की दृष्टि से सराहनीय प्रयास है। विभिन्न माध्यमों में बच्चों के मनोभावों की सृजनात्मक, कल्पनात्मक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति सराहनीय होगी ।

मैं ऐसी आशा करता हूं कि बच्चों की यही सृजनात्मक शक्ति भविष्य में समाज सेवक, चिंतक, वैज्ञानिक ,चिकित्सक, कवि –लेखक के रूप में उभरकर देश प्रगति में सहायक सिद्ध होगी ।

विद्यालय के प्राचार्य श्री बृजेशपाल सिंह ,संपादक मंडल, सभी शिक्षक- शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय ई-पत्रिका के सफल प्रकाशन की अनंत शुभकामनाएँ ।

आलोक यादव आई. ए. एस.
मुख्य विकास अधिकारी
अध्यक्ष नामित, विद्यालय प्रबंधन समिति
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

अध्यक्ष, नामित/Chairman, Nominee
विद्यालय प्रबन्ध समिति
Vidyalaya Management Committee
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
मुज़फ़्फ़रनगर/Muzaffarnagar

संदेश.....

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि सत्र 2020-21 की विद्यालय पत्रिका का ई- प्रकाशन करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। यह पत्रिका बाल कलाकारों एवं शिक्षाविदों की भावनाओं, विचारों एवं अंतर्निहित क्षमताओं का साकार स्वरूप है। विद्यालय पत्रिका विद्यालय की शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है। विद्यार्थियों को अधिगम के समान अवसर उपलब्ध कराना एवं उनमें निहित योग्यताओं का विकास करने के लिए विद्यालय अनवरत प्रयत्नशील है। आज का विद्यार्थी आने वाले कल का आदर्श नागरिक है , राष्ट्र का गौरव है । अत: शिक्षार्थियों का सर्वांगीण विकास करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

विद्यालय पत्रिका का उद्देश्य शिक्षार्थियों की सृजनात्मक क्षमताओं एवं योग्यताओं को मंच उपलब्ध कराना है । प्रस्तुत पत्रिका में प्रकाशित बाल रचनाकारों की रचनाएं निश्चित रूप से हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी साहित्य की विभिन्न विधाओं का रसपान कराने में सक्षम होंगी।

विद्यार्थियों की सृजनात्मक शक्ति संवेदन शीलता, कल्पना, एकता ,राष्ट्र प्रेम एवं विश्व बंधुत्व की भावना से समन्वित है। छात्र-छात्राओं की अप्रतिम प्रस्तुतियों गतिविधियों एवं कलाकृतियों को सभी सुधी पाठकों की सहज संवेदना स्वरूप स्नेह सुलभ होगा , ऐसा मेरा सहज विश्वास है।

विद्यालय ई- पत्रिका के प्रकाशन में जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग रहा है, वे सभी साधुवाद के पात्र हैं।

सभी शिक्षार्थियों को सुन्दर,सुखद,सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं ।

कविवर बिहारी जी के शब्दों में –

"नर की और नल नीर की गति एकै करि जोइ ।

जैतौ नीचौ व्है चले, तेतौ ऊँचौ होइ ।।"

प्राचार्य/Principal
केन्द्रीय विद्यालय
Kendriya Vidyalaya
मुजफ्फरनगर (उ० प्र०)
Muzaffarnagar (U.P.)

बृजेशपाल सिंह
प्राचार्य

संपादक

की कलम से.....

विद्यालय पत्रिका शिक्षण एवं शिक्षणेतर विद्यालयी क्रियाकलापों का प्रतिबिंब होती है,

जिससे विद्यार्थियों की शारीरिक एवं मानसिक दक्षताओं का पता चलता है। विद्यालय पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, सृजनात्मकता एवं संवेदनशीलता के भाव का विकास कर उनको समुचित दिशा प्रदान करते हुए समाज का आदर्श नागरिक बनाना है।

प्रस्तुत पत्रिका में विद्यार्थियों ने हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में साहित्य की विभिन्न विधाओं जैसे कि कहानी, कविता ,अनुच्छेद, यात्रा साहित्य, पर्यावरण परक लेख रचना द्वारा रचनात्मकता का परिचय दिया है, जिनसे सहयोग, सम्मान, स्नेह, सत्य , स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण, एकता, अखंडता, करुणा, अहिंसा , भाईचारा एवं देश प्रेम की भावना का संदेश मिलता है।

मैं सुधी पाठकों से अनुरोध करना चाहूंगा कि रचनाओं को पढ़कर उनमें निहित संवेदनाओं को अंगीकार करते हुए त्रुटियों को नज़र अंदाज कर बाल कलाकारों का अपना शुभाशीष प्रदान करें।

अंत में मैं प्राचार्य महोदय श्री ब्रिजेश पाल सिंह जी का हार्दिक साधुवाद करता हूं,जिनका समय-समय पर समुचित मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा । मैं संपादक मंडल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी धन्यवाद ज्ञापन करता हूं ,जिनके अथक प्रयास से ई-पत्रिका प्रकाशन कार्य समय पर संभव हो सका।

सभी बाल कलाकारों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन ।

ओम प्रकाश गोस्वामी
स्नातकोत्तर शिक्षक
(हिन्दी)

विद्यालय के होनहार

ARJUN XII A	VAIBHAV SINGH XII A	VASHITVA GAUTAM XII A
98.2% , 491/500 (SCIENCE)	97.4%, 487/500 (SCIENCE)	95.6%,478/500 (SCIENCE)

JIYA DUA XII B	ANSH TYAGI XII B	PARAG SAINI XII B
90.2%,451/500 (COMMERCE)	90% 450/500 (COMMERCE)	88%,439/500 (COMMERCE)
REHAN MALIK X A	VANSHIKA SHARMA X B	TOOBA BATOOL X B
93.2%, 466/500	90.6%, 453/500	90.4%, 452/500

HARSHIT BENIWAL X SHIFT II	PANTH UPADHYAY X SHIFT II	PARI VATS X SHIFT II	PUNIT PAL X SHIFT II
88.4% , 442/500	88.2% , 441/500	88.2% , 441/500	87.4% , 437/500

विद्यालय गतिविधियाँ

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

08 मार्च 2021

''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता ''

केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर(उ.प्र.)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

(08 मार्च 2021)

BADGE OF HONOUR

सुश्री/ श्रीमती .....को

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

'' यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते,रमन्ते तत्र देवता।''

दिनांक :- 08-03-2021

शुभेच्छु

(ब्रिजेश पाल सिंह)

प्राचार्य

परीक्षा पर चर्चा

MINISTRY OF EDUCATION GOVERNMENT OF INDIA
PARIKSHA PE CHARCHA 2021
my GOV मेरी सरकार
Certificate of Participation
This is to certify that
Iskanda Manglik
has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2021.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to PPC 2021! Keep participating!
Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

MINISTRY OF EDUCATION GOVERNMENT OF INDIA
PARIKSHA PE CHARCHA 2021
my GOV मेरी सरकार
Certificate of Participation
This is to certify that
Arham Khan
has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2021.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to PPC 2021! Keep participating!
Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

MINISTRY OF EDUCATION GOVERNMENT OF INDIA
PARIKSHA PE CHARCHA 2021
my GOV मेरी सरकार
Certificate of Participation
This is to certify that
Mohini Singh
has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2021.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to PPC 2021! Keep participating!
Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

MINISTRY OF EDUCATION GOVERNMENT OF INDIA
PARIKSHA PE CHARCHA 2021
my GOV मेरी सरकार
Certificate of Participation
This is to certify that
Prerna Malik
has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2021.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to PPC 2021! Keep participating!
Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT


MINISTRY OF EDUCATION GOVERNMENT OF INDIA
PARIKSHA PE CHARCHA 2021
my GOV मेरी सरकार
Certificate of Participation
This is to certify that
Astha Sharma
has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2021.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to PPC 2021! Keep participating!
Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

योग दिवस

अनुपम गोस्वामी कक्षा 5 A
केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरनगर
प्रथम पाली

अनुराग गोस्वामी कक्षा 3A
केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरनगर
प्रथम पाली



yoga is our Health Guru
International
Yoga
day
21-June
Makes us Strong
Increases concentration
Reduces Stress
Helps in curing Diseases
yoga keeps us physically fit and reduce stress
yoga is the Best way to stay Healthy

हिन्दी अनुभाग

"मां "

मां की ममता ईश्वर का वरदान है।
सच सच पूछो तो मां इंसान नहीं भगवान है।
मां के चरणों में जन्नत का हर रूप होता हैं।
मां ईश्वर का स्वरूप होता है।

मां जो हर बच्चे की दिल की चाह होती है।
मुसीबत में एक नई राह होती है जो हर किसी के करीब नहीं होती
जो हर किसी को नसीब नहीं होती
मां की अहमियत उनसे पूछो

जिनकी मां नहीं होती
जो हर बच्चे की जान होती है।
हर रिश्ते की मान होती है।
सभी का एकमात्र आसमान होती है।

हर किसी को मां की ममता मिले
अपनी मां से कभी कोई ना बिछड़े
मेरी एकमात्र दुआ उस खुदा से
जिनकी मां हो उसे क्या पता

कि मां क्या होती है
मां को जानना है तो उनसे पूछो
जिनकी मां नहीं होती है।

मनस्वी चौधरी
कक्षा 11 B
सदन अशोक प्रथम पाली

कोरोना से डरो ना

कल रात सपने में आया करो ना
उसे देख जो मैं डरी मुस्कुरा के बोला,
मुझसे डरो ना.....

उसने कहा -कितनी अच्छी है तुम्हारी संस्कृति।
ना चूमते, ना गले लगते
दोनों हाथ जोड़कर वह स्वागत करते ,
मुझसे डरो ना .....

कहां से सीखा तुमने
रूम स्प्रे बॉडी स्प्रे
पहले तो तुम धूप ले लेते
वही करो ना
मुझसे डरो ना.....

शुरू से तुम्हें सिखाया गया
अच्छे से हाथ पैर धो कर घर में घुसो,
मत भूलो अपनी संस्कृति
वही करो ना
मुझसे डरो ना

उसने कहा सादा भोजन उच्च विचार
यही तो है तुम्हारे संस्कार।
उन्हें छोड़ जंक फूड फास्ट फूड के चक्कर में पढ़ो ना
मुझसे डरो ना.....

उसने कहा शुरू से ही जानवरों को पाला पोसा तुमने
रक्षण की है तुम्हारी संस्कृति, उनका भक्षण करो ना
मुझसे डरो ना .....

कल रात सपने में आया कोरोना
बोला मुझसे डरो ना।

मनस्वी चौधरी
कक्षा- 11 (ब) प्रथम पाली

सफर में धूप तो होगी, जो चल सको तो चलो...

सफ़र में धूप तो होगी जो चल सको तो चलो
सभी हैं भीड़ में तुम भी निकल सको तो चलो

किसी के वास्ते राहें कहाँ बदलती हैं
तुम अपने आप को ख़ुद ही बदल सको तो चलो

यहाँ किसी को कोई रास्ता नहीं देता
मुझे गिरा के अगर तुम सँभल सको तो चलो

यही है ज़िन्दगी कुछ ख़्वाब चन्द उम्मीदें
इन्हीं खिलौनों से तुम भी बहल सको तो चलो

अर्पित तायल
कक्षा-11ब प्रथम पाली

एक मां।

भगवान का दूसरा रूप है "मां"
उनके लिए दे देंगे जा,
हमको मिलता जीवन उनसे,
कदमों में है स्वर्ग बसा,
हमारी खुशी में खुश हो जाती,
दुःख में हमारे आंसू बहाती,
कितने खुश नसीब हैं हम,
पास हमारे यह मां ।

नाम-. हर्ष सैनी
कक्षा- 11 A प्रथम पाली

हिंदी भाषा

प्रकृति की पहली ध्वनि ॐ है
मेरी हिंदी भाषा भी, इसी ॐ कि देन है।
देवनागरी लिपि है इसकी, देवो की कलम से उपजी
बंगला, गुजरती, भोजपुरी, डोगरी, पंजाबी और कई
हिंदी ही है इन सब की जननी ।

प्रकृति का हर एक चीज़ अपने मे सम्पूर्ण है ।
जो बोलते हैं वहीं लिखते हैं।
मन के भाव सही उभरते है।
हिंदी भाषा ही तुम्हें प्रकृति के समीप ले जाएगी,
मन कि शुद्धि तन कि शुद्धि, सहायक यह बन जाएगा ।

कुछ हवा चली है ऐसी यहाँ
कहते है इस मातृभाषा को बदल डालो।
बदल सको क्या तुम अपनी माता को ?
मातृभाषा का क्यों बदलाव करो।
देवो की भाषा का क्या तुम तिरस्कार करो ।

बदल सको तो तुम अपनी सोच को बदल डालो
हर एक भाषा का तुम दिल से सम्मान करो ।
हिंदी कि जडो पर आओ हम गर्व करें।
हिंदी भाषा पर आओ हम गर्व करें।

नाम:- अक्षिता बंसल
कक्षा:- 11 ब
सदन :- अशोक प्रथम पाली

खामोशी

मासूम आवाजे है करोड़ों,
पर शब्द हैं सिर्फ मेरे।
मेरे शब्दों में समझना उनकी कशमकश,
क्यों लगें हैं शब्दों पर पहरे।

नाजाने कहाँ गुम हो गए,
वो खिलखिलाते चहरे।
पहले मैं सबसे कहा करती थी,
काम पर क्यों न जाए रात में ,

क्यों जाए सिर्फ सवेरे।
पर आज कल मेरी रूह मुझसे कहा करती हैं,
कौन है ये, क्यों तु इसके जुल्म सहा करती हैं,
हिम्मत नहीं है मुझमें कि बता दूँ उस नादाँ को,
कि क्यों अब मेरे भीतर सिर्फ खामोशी रहा करती हैं।।

समीक्षा, 11 'अ'
शिवाजी सदन प्रथम पाली

काश जिंदगी एक किताब होती

काश जिंदगी एक किताब होती
काश ,जिंदगी सचमुच किताब होती
पढ़ सकती मैं कि आगे क्या होगा ?
क्या पाऊँगी मैं और क्या दिल खोएगा ?
कब थोडी खुशी मिलेगी ,कब दिल रोएगा ?

काश जिंदगी सचमुच किताब होती ,
फाड़ सकती मैं उन लम्हों को
जिन्होंने मुझे रुलाया है ...

जोड़ती कुछ पन्ने जिनकी यादों ने मुझे हँसाया है ...
खोया और कितना पाया है ?
हिसाब तो लगा पाती कितना

काश जिंदगी सचमुच किताब होती ,
वक्त से आँखें चुराकर पीछे चली जाती ...
टूटे सपनों को फिर से अरमानों से सजाती
कुछ पल के लिए मैं भी मुस्कुराती ।
काश , जिंदगी सचमुच किताब होती ।

नाम- शगुन सिंह
कक्षा- 11 'ब' प्रथम पाली

महाभारत कथा प्रश्नोत्तरी

1. महाराजा शांतनु की कितनी रानियां थी ?

उत्तर - दो (गंगा और सत्यवती)

2. सत्यवती के कितने पुत्र थे ?

उत्तर - दो (चित्रांगद और विचित्रवीर्य)

3. देवव्रत किसके पुत्र थे ?

उत्तर - महाराज शांतनु और उनकी पहली पत्नी गंगा के आंठवे पुत्र का नाम देवव्रत था ।

4. विचित्रवीर्य के कितने पुत्र थे ?

उत्तर - दो (धृतराष्ट्र और पांडु)

5. धृतराष्ट्र और पांडु की कितनी रानियां और कितने पुत्र थे ?

उत्तर - धृतराष्ट्र - गांधारी (रानी)
और 100 पुत्र, पांडु - दो रानियां (कुंती और माद्री) और 05 पुत्र ।

विशेष मिश्रा
कक्षा - 6 वर्ग - ब प्रथम पाली

के.वि. मुजफ्फरनगर

करके ऐसा काम दिखा दो

करके ऐसा काम दिखा दो, जिस पर गर्व दिखाई दे।
इतनी खुशियां बाटो सबको, हर दिन पर्व दिखाई दे।
हरे वृक्ष जो काट रहे हैं, उन्हें खूब धिक्कारों।
खुद भी पड़े लगाओ इतने, धरती स्वर्ग दिखाई दे।
करके ऐसा काम दिखा दो...

कोई मानव शिक्षा से भी, वंचित नहीं दिखाई दे।
सरिताओं में कूड़ा-करकट, संचित नहीं दिखाई दे।
वृक्ष रोपकर पर्यावरण का, संरक्षण ऐसा करना।
दुष्ट प्रदूषण का भय भू पर, किंचित नहीं दिखाई दे।
करके ऐसा काम दिखा दो...

हरे वृक्ष से वायु प्रदूषण का, संहार दिखाई दे।
हरियाली और प्राणवायु का, बस अंबार दिखाई दे।
जंगल के जीवो के रक्षक, बनकर तो दिखला दो।
जिससे सुखमय प्यारा-प्यार, ये
संसार दिखाई दे।
करके ऐसा काम दिखा दो।

विदिषा
कक्षा 7 अ प्रथम पाली

धन्यवाद

धन्यवाद है उनको
जिसने जीवन आसान किया है
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई
सबको मान दिया है।
डाक्टर, नर्स, सफाईकर्मी
या हो सैनिक वर्दीवाला

के.वि. मुजफ्फरनगर

दूध, सब्जी, बिजली, पानी
या हो टीवी, रेडियो, पेपरवाला
डाल के खुद को खतरे में
जग का सम्मान किया है
धन्यवाद है उनको
जिसने जीवन आसान किया है।
लेकिन कुछ ऐसे भी हैं
जो रजनीति करते हैं
अपनी जिद के आगे
परेशान सभी को करते हैं
थू-थू ऐसे लोगों का
जिसने अपमान किया है
धन्यवाद है उनको
जिसने जीवन आसान किया है।
मिलकर तोड़ें चेन
कोरोना वायरस दूर भगाएं
रहें घरों में अपने हम
सबको स्वस्थ बनाएं
पीएम ने भी हम सब की खातिर
यह संकल्प दिया है
धन्यवाद है उनका
जिसने जीवन आसान किया है।

आर्यन कुमार
कक्षा — 11 A प्रथम पाली

पिता का प्यार

पिता एक ढाल है।
जिसके कंधे पर झूलते
हम उसके वो लाल हैं
जिसके गोद मैं खेल कर बड़े हुए
जिसने हमें ऊंचाइयों को

छूने के काबिल बनाया
वो पिता का बेशुमार प्यार है
दुनिया तो रंगीन है
पर पिता का प्यार
वह रंग है जिसके बिना
हमारी दुनिया बेरंग है।
पिता वह है जो
अपनी बेटी को अपने हाथों से बड़ा करता है
फिर एक समय आने पर
अपने ही हाथों से बेटी को विदा करता है
उस समय उसकी
कोमल आंखों से
वे छलके आंसू
जो पूरी दुनिया को छिन्न-भिन्न करता है
पिता के लिए अपनी बेटी को
खुद से दूर करना आसान नहीं होता।
और पिता के बिना बेटी की जिंदगी में
किसी चीज का मोल नहीं होता।

नाम-तनु
कक्षा-11 (ब) प्रथम पाली

आज का ज्ञान

आप एक पत्थर लीजिए और कुत्ते को मारिए , आप देखेंगे कि कुत्ता डर कर भाग जाएगा।
ऐसे ही पत्थर लीजिए और मधुमक्खी के छत्ते पर मारी, फिर देखिएगा आपका क्या हाल करती है मधुमक्खी।
पत्थर वही है और आप भी वही है, बस फर्क इतना सा है कि कुत्ता अकेला था और मधुमक्खी समूह में, एकजुटता, एकता में ही शक्ति है. अगर हम एकजुट नहीं हुए तो ना तो हमारा देश बदलेगा और ना ही हमारा अपना समाज और ना हम।

आस्था सिंह
8 ब, सदन- रमन प्रथम पाली

हिंदी

जन-जन की भाषा है हिंदी
भारत की आशा है हिंदी।
जिसने पूरे देश को जोडे रखा है
वो मजबूत धागा है हिंदी।

हिंदुस्तान की गौरव गाथा है हिंदी
एकता की अनुपम परंपरा है हिंदी।
जिसके बिना हिंद जय जाए
ऐसी जीवन रेखा है हिंदी।

जिसने काल को जीत लिया है
ऐसी कालजयी भाषा है हिंदी।
सरल शब्दों में कहा जाए तो
जीवन की परिभाषा है हिंदी।

नाम: सृष्टि
कक्षा:'१२-अ'
सदन: अशोक प्रथम पाली

कहानी एक गरीब बच्चे की

एक बार एक गरीब बच्चा था ।
वह बच्चा बहुत बुद्धिमान था।
उस बच्चे का नाम रोहन था ।
रोहन स्कूल नहीं जा पाता था,क्योंकि
उसके माता , पिता बहुत गरीब थे ।
वो लोग एक झुग्गी में रहते थे ।
उसकी झुग्गी के पास एक किताब वाले की
दुकान थी , रोहन रोज़ रोज़ उस दुकान
के पास खड़ा हो कर देखता था।
एक दिन दुकान वाले ने रोहन से पूछा , बच्चे तुम रोज -रोज यहां पर क्यों
आते हो ? रोहन ने जवाब दिया ,अरे

हिंदी मुज़फ़्फ़रनगर

चाचा जी ! मेरे पास किताब नहीं है, क्योंकि
मेरे माता-पिता गरीब है ।
वह किताब वाला अच्छा था । उसने बोला ,
"तुम्हारा नाम क्या है ? बच्चा बोला , मेरा नाम रोहन है। दुकानदार बोला "अच्छा रोहन आज से तुम स्कूल जाया करोगे मैं तुम्हें स्कूल भेजूंगा और तुम्हारा सारा खर्चा मैं उठाऊगा जब तक तुम्हारी नौकरी नहीं लग जाती"। तो उस दिन से रोहन रोज स्कूल जाने लगा । रोहन हर
कक्षा में टॉप करता था।धीरे धीरे पढाई करके वह इंजीनियर बन गया।
उस दिन से उसके माता पिता बहुत
खुश थे।

शिक्षा :- हमें इस कहानी से ये सीख मिलती है कि हमें हर गरीब की मदद करनी चाहिए।

अनुपम गोस्वामी
कक्षा 4 ए प्रथम पाली

ओ कोरोना तू कहां से आया।

सब कुछ हो गया पराया पराया।
तेरा आना किसी को ना भाया।
मम्मी बोले हाथ धोए।
घर से बाहर कहीं ना जाए।
सखा सहेली सब भूल जाए।
स्कूल की टीचर की याद सताए।
नानी का घर हमें बुलाए।
शोपिंग के लिए मन ललचाए।
बर्थडे फीका फीका पड़ जाए।
ओ कोरोना तू बता हम छोटे छोटे बच्चे कैसे अपना दिल बहलाए।
तेरा भय इतना सताए।
कोरोना तुझसे नहीं डरते हम।
हममें है तुझसे लड़ने का दम।
सोशल डिसटेंसिंग निभाएंगे।
गुड सिटिज़न बनकर दिखाएंगे।
सरकार के रूल्स अपनाएंगे।
घर मे बैठकर तुझे हराएंगे
और फिर अपना जीवन खुशहाल बनाएंगे ।

आरोही
कक्षा-4 अ प्रथम पाली

कोरोना वायरस क्या है?

कोरोना वायरस (सीओवी) का संबंध वायरस के ऐसे परिवार से है जिसके संक्रमण से जुकाम से लेकर सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्या हो सकती है। इस वायरस को पहले कभी नहीं देखा गया है। इस वायरस का संक्रमण दिसंबर में चीन के वुहान में शुरू हुआ था। डब्लूएचओ के मुताबिक बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ इसके लक्षण हैं।

* क्या हैं इससे बचाव के उपाय?

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस से बचने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
इनके मुताबिक हाथों को साबुन से धोना चाहिए।
अल्कोहल आधारित हैंड रब का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।
खांसते और छीकते समय नाक और मुंह रूमाल या टिश्यू पेपर से ढंककर रखें।
जिन व्यक्तियों में कोल्ड और फ्लू के लक्षण हों, उनसे दूरी बनाकर रखें।
अंडे और मांस के सेवन से बचें।
जंगली जानवरों के संपर्क में आने से बचें।

* कोरोना का संक्रमण फैलने से कैसे रोकें?

सार्वजनिक वाहन जैसे बस, ट्रेन, ऑटो या टैक्सी से यात्रा न करें।
घर में मेहमान न बुलाएं।
घर का सामान किसी और से मंगाएं।
ऑफ़िस, स्कूल या सार्वजनिक जगहों पर न जाएं।
अगर आप और भी लोगों के साथ रह रहे हैं, तो ज़्यादा सतर्कता बरतें।
अलग कमरे में रहें और साझा रसोई व बाथरूम को लगातार साफ़ करें।
14 दिनों तक ऐसा करते रहें ताकि संक्रमण का ख़तरा कम हो सके।
अगर आप संक्रमित इलाक़े से आए हैं या किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहे हैं तो आपको अकेले रहने की सलाह दी जा सकती है। अत: घर पर रहें।

* मास्क कौन और कैसे पहनें?

अगर आप स्वस्थ हैं तो आपको मास्क की जरूरत नहीं है।
अगर आप किसी कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति की देखभाल कर रहे हैं, तो आपको मास्क पहनना होगा।
जिन लोगों को बुखार, कफ या सांस में तकलीफ की शिकायत है, उन्हें मास्क पहनना चाहिए और तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

* मास्क पहनने का तरीका :-

मास्क पर सामने से हाथ नहीं लगाना चाहिए।
अगर हाथ लग जाए तो तुरंत हाथ धोना चाहिए।
मास्क को ऐसे पहनना चाहिए कि आपकी नाक, मुंह और दाढ़ी का हिस्सा उससे ढंका रहे।
मास्क उतारते वक्त भी मास्क की लास्टिक या फीता पकड़कर निकालना चाहिए, मास्क नहीं छूना चाहिए।
हर रोज मास्क बदल दिया जाना चाहिए।

नाम - प्रेरणा मलिक
कक्षा - 11 अ प्रथम पाली

"मेरी रुचि"

1. रूचि एक खाली समय में किए जाने वाली गतिविधि है।
2. यह हमारे प्रति-दिन के दबाव से बचने में मदद करती है |
3. मेरी पसंदीदा रुचि खाली समय में आनन्द से भरपूर,ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ना है।
4. पुस्तक को पढ़ने से कोई भी व्यक्ति अकेला और परेशान नहीं रह सकता।
5. जो पुस्तक पढ़ने में रुचि रखते हैं ,उनके लिए पुस्तकें अच्छे मित्र की तरह होती हैं।
6. पुस्तक पढ़ने की आदत को किसी के भी द्वारा प्रयास करने से प्राप्त किया जा सकता है।
7. हमारी रुचि हमें जीवन के प्रति-दिन की भागदौड़ से अलग रखकर हमारे मस्तिष्क को ताजा और शांत बनाती हैं।
8. रुचि आनंद, मनोरंजन और ज्ञान प्राप्ति का सबसे अच्छा साधन है।
9. इसके द्वारा हम समय का सदुपयोग भी कर पाते हैं।

शौर्य
कक्षा-8 'अ' प्रथम पाली

माँ

यह एक शब्द है,
जिस को भगवान ने बहुत सोच - विचार कर बनाया होगा 'माँ'

जिसका कोई अर्थ नहीं,
फिर भी बिन बोले बहुत कुछ कह जाता है यह शब्द माँ

जब कोई रोता है,
तो सबसे पहले उसके मुंह से यही शब्द निकलता है माँ

और कहते हैं कि जब कोई इस दुनिया में आता है,
तो उसके मुंह से भी सबसे पहले निकलता है माँ

हर सुख - दुख में सबसे पहला साथ होती है माँ,
क्योंकि यह है मेरी तुम्हारी, हम सबकी माँ |

रिदिम गर्ग
कक्षा 12 अ प्रथम पाली

केन्द्रीय मुजफ्फरनगर

स्कूल के दिन

ना जाने हम कब बड़े हो गए?
स्कूल के दिन न जाने कहा खो गए?
दोस्तो की बातें जब भी याद आती है,
आंखों में नमी सी छा जाती है।

वो दोस्तो की गपसप, वो दोस्तो से लड़ना।
टीचर के डाटने पर, छुप-छुप कर हंसना।
हर राह में दोस्तो का साथ निभाना।
सही और गलत की पहचान कराना।

वो अपना लंच छुपा कर खाना।
वो दोस्तो का लंच झट से चट कर जाना।
वो दोस्त के बीमार होने पर, उसको देखने जाना।
वो उसका छुटा हुआ होमवर्क, खुद करके टीचर को दिखाना।

कभी-कभी कोई बहाना बनाकर स्कूल न जाना।
और स्कूल जाते ही छुट्टी होने की राह देखना।
कोई शरारत करके मासूम सा चेहरा बनाना।
सबसे छुपकर क्लास में शैतानी करना।

कभी-कभी किसी दोस्त को मिलकर सताना।
अपने दोस्त के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाना।
दोस्त के साथ हर दिन स्कूल आना।
कभी कभी घर देर से पहुचनें पर मां की डांट खाना।

वो स्कूल के पल लौट कर न आएगे।
हम बस उनको याद करके ही खुश हो जाएंगे।।।।

प्रेरणा
कक्षा 12 ' ब ' प्रथम पाली

मंजिल पर जल्दी पहुचने की कोशिश न कर

तू जिंदगी को जी,
उसे समझने की कोशिश न कर।

सुंदर सपनो के ताने बाने बुन,
उसमे उलझन की कोशिश न कर।

चलते वक्त के साथ तु भी चल,
उसमें सिमटने की कोशिश न कर।

अपने हाथो को फैला, खुलू कर साँस ले,
अंदर ही अंदर घुटने की कोशिश न कर।

मन में चल रहे युद्ध को विराम दे,
खामख्वाह खुद से लड़ने की कोशिश न कर।

कुछ बाते भगवान् पर छोड़ दे,
सब कुछ खुंद सुलझाने की कोशिश न कर।

जो मिल गया उसी में खुश रह,
जो सूकून छीन ले वो पाने कोशिश न कर।

रास्ते की सुंदरता का लुफ्त उठा,
मंजिल पर जल्दी पहुचने की कोशिश न कर।।।

प्रेरणा
कक्षा 12 ' ब ' प्रथम पाली

सपने.....

हर किसी को नहीं आते
बेजान बारुद के कणों में
सोई आगे के सपने नहीं आते
बदी के लिए उठी हुई
हथेली को पसीने नहीं आते
शेल्फ़ो में पड़े
इतिहास के ग्रंथो को सपने- नहीं आते
सपनों के लिए लाज़मी
झेलने वाले दिलों का होना
नींद की नज़र होनी लाज़मी है
सपने इसलिए हर
किसी को नहीं आते

वंशिका, 11'अ' प्रथम पाली

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

स्कूल की पत्रिका

आ गई है स्कूल की पत्रिका,

छा गई है स्कूल की पत्रिका ,

बच्चों के दिल में समा गई पत्रिका,

हर जगह यह तो छा गई पत्रिका,

मेरा फोटो आया है स्कूल की मैगजीन में छाया है,

दिल में खुशियां लाया है ,

दोस्तों को भाया है ,

मेरे लेखन का सुधार होता ,

जीवन का सुधार होता,

आ गई है स्कूल की पत्रिका ,

आ गई है स्कूल की पत्रिका

अनुष्का , कक्षा- 9 ब
सदन –टैगोर प्रथम पाली

समय का सदुपयोग

समय कभी रूकता नहीं, समय का चक्र हमेशा चलता रहता है इसलिए हर वयक्ति को समय का सदूपयोग करना चाहिए।समय का दुरूपयोग करनेवाला वयक्ति कभी खुश नहीं रहता और ना ही वो अपने जीवन में कामयाब हो सकता है।
जिस प्रकार समुद्री लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करतीं ठीक उसी तरह समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। बीता हुआ समय कभी लौटकर वापस नहीं आता इसलिए हमारे लिए जीवन में सबसे जरूरी अगर कोई वस्तु है तो वो समय है। धन की कमी हो तो उसे दूबारा लिया जा सकता है पर समय को दूबारा नहीं लिया जा सकता।
प्रकृति अपना हर कार्य समय पर करती है। सूर्य समय से उगता है, मौसम भी समय से बदलता है।
अतः हमें समय का सदूपयोग करना चाहिए।

समृद्धि 5 अ प्रथम पाली

पेड बचाओ..... 🌳🌳

पेड 🌳बचेगे तो धरती🌍 बचेगी
जीवन बचेगा कल बचेगा
पेड 🌳से ही तो वर्षा🌧
नदी 🏞बचेगी जल 💧बचेगा
जब खेतों🌾 में होगा अनाज🌾
थालियों 🍽 🥣बचेगा
जीवन में होगी खुशहाली☺
जब धरती🌍 पर पेड 🌍बचेगा ।

उन्नति बालियान
कक्षा- 1A प्रथम पाली

चुटकुले

1. **टीचर-** अगर रात में मच्छर काटे तो क्या करना चाहिए?

   लड़का- सर चुपचाप खुजा कर सो जाना चाहिए। क्योंकि आप कोई • रजनीकांत तो हो नहीं कि मच्छर से सॉरी बुलवा लोगे ।

2. **बेटा -** पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?

   पिता जी - वो कैसे बेटा?

   बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

3. **सर :-** तुम्हारा English बहुत कमजोर है !!!

   गट्टू:- सर क्यु झूट बोल रहे हो ??

   सर :- अच्छा तो ये बताओ कि बहरे को English मे क्या बोलते है ???

   गट्टु :- सर बहरे को English मे कुछ भी बोल दो कौन सा उसे सुनाई देने वाला है!!

अभिनव कुमार कक्षा-9 'ब'
रमन सदन प्रथम पाली

टीचर गोलू से: पांच में से पांच घटाने पर कितने बचेंगे??

गोलू : पता नही मैडम।

टीचर : अगर तेरे पास 5 भटूरे है और मैं 5 भटूरे तुझसे लेलू तो तेरे पास क्या बचेगा ??

गोलू : ....मैडम छोले☺☺।

आर्यन त्यागी, कक्षा : 7
सदन : अशोक प्रथम पाली

(सोचो 😲अगर डॉक्टर फिल्म बनाते तो फिल्मो 🎥 के नाम क्या होते ?)

कभी खांसी कभी जुकाम 😂😆

कहो ना बुखार है 😉

टीबी नं 1😊

हम ब्लड दे चुके सनम 😝

रहना है अब होस्पिटल में☺

बचना ऐ मरीजों 😊

दिल तो कमजोर है जी💓😕

एक हसीना दो किडनी 😲

अजब मरीज की गजब बिमारी 😆

पायल राठी ☺, 6ब
अशोक सदन ☺ प्रथम पाली

के.वि. मुज़फ्फ़रनगर

मेरी पहली रेल यात्रा

एक दिन हमने मिलकर जयपुर जाने का निश्चित किया । मैं बहुत उतसाहित था क्योंकि हम रेलगाड़ी से जयपुर जा रहे थे। मैं पहली बार रेल से यात्रा करने जा रहा था। मैंने माता पिता जी के साथ मिलकर जाने की तैयारी की और फिर रेलगाड़ी पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंच गए टिकट लेने के बाद रेल के आने का इंतजार करने लगे कुछ देर बाद रेलगाड़ी स्टेशन पर आ गई हम जल्दी से एक डिब्बे में चढ़कर सीट पर बैठ गए थोड़ी देर में रेल चल पड़ी मेरे लिए यह एक अनोखा अनुभव था पेड़ पौधे घर द्वार पशु पक्षी आदि सब पीछे की ओर छूटते दिखाई दे रहे थे जैसे ही कोई स्टेशन आता रेलगाड़ी रुक जाती कुछ घंटों में हम अपनी मंजिल पर पहुंच गए मैं बहुत खुश था क्योंकि मेरे लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव था।

आरव सजवान
कक्षा - पांचवीं अ, द्वितीय पाली

मेरा विद्यालय

मेरा विद्यालय केंद्रीय विद्यालय हैं । विद्यालय का अर्थ विद्या का आलय । मतलब विद्या का स्थान,जहाँ विद्या का उपार्जन होता है।

विद्यालय सरकारी और निजी दोनों प्रकार के होते हैं

मेरे विद्यालय में खेल के दो मैदान हैं जिनमें हम खेलते हैं एक बड़ा ग्राउंड और एक छोटा और एक साइकिल स्टैंड और एक बड़ा साइकिल स्टैंड है।

मेरे विद्यालय में लगभग 30 से 35 टीचर हैं।

मेरे विद्यालय में 12 क्लास तक पढ़ाई होती है।

मेरे विद्यालय में चारों ओर हरे भरे बड़े बड़े वृक्ष खड़े हुए हैं जो बहुत ज्यादा छायादार हैं।

विद्यालय में एक पुस्तकालय भी है।

मेरे विद्यालय में एक कैंटीन भी है, जिससे हम लंच में सामान खरीदते हैं।

मेरा विद्यालय बहुत बड़ा और बहुत सुंदर है।

हमारा केंद्रीय विद्यालय एक आदर्श विद्यालय है तथा इसमें दो शिफ्ट में पढ़ाई चलती है । मैं द्वितीय पाली में पढ़ाई करता हूं।

यह दो मंजिली इमारत है।

मेरा विद्यालय मुझे बहुत पसंद है।

अलतमस राणा
कक्षा 5अ द्वितीय पाली

*कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए

1. अपने हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोये।
2. जब भी बाहर जाएं तो मुंह पर मार्क्स अवश्य लगाएं।
3. सामाजिक आयोजनों और भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहें।

4. खांसते और छींकते समय अपनी नाक और मुंह को रूमाल/टिशू से ढके।

5. बार-बार अपनी आंख, नाक और मुंह को ना छुए।

6. आपस में कम से कम 1 मीटर की दूरी सबकी सुरक्षा के लिए जरूरी है।

7. प्रयोग किए गए टिशू को तुरंत बंद कूड़ेदान में डालें।

8. हाथ मिलाने के बजाय नमस्ते करें।

आयुष सेमवाल
कक्षा-9 द्वितीय पाली

मिलकर कोरोना को हराना है।।

मिलकर कोरोना को हराना है।
घर से हमें कहीं नहीं जाना है।।
हाथ किसी से नहीं मिलाना है।
चेहरे पर हाथ नहीं लगाना है।।
बार -बार अच्छे से हाथ धोने जाना है।
सेनीटाइजर करके देश को अच्छा बनाना है।।
बचाव ही इलाज है, यह समझना है।
सावधानी रखकर कोरोना को मिटाना है।।
कोरोना से हमें नहीं घबराना है।
देश हित में सभी को यह कदम उठाना है।।

राघव सेमवाल कक्षा-7
द्वितीय पाली

कहानी- चतुर किसान

एक बार एक किसान एक बकरी की घास का गठठर और एक शेर को लिए नदी के किनारे खडा था! उसे नाव से नदी पार करनी थी! लेकिन नाव बहुत छोटी थी कि वह सारा सामान समेत एक बार मे नही जा सकता था ! वह अगर शेर को पहले ले जाता तो इधर बकरी घास खा जाएगी और अगर घास को पहले नदी पार ले जा ता है! तो शेर बकरी को खा जाएगा अत मे उसे एक समाधान सूझा उसने पहले बकरी को साथ में लिया और नाव मे बैठकर नदी के पार छोड आया इसके बाद दूसरे चक्कर मे उसने शेर को नदी पार छोड दिया! लेकिन लौटते समय बकरी को फिर से साथ ले आया! इस बार वह बकरी को इस तरफ छोडकर घास के गठठर को दूसरी और शेर के पास छोड आया! इसके बाद वह फिर से नाव लेकर आया उसने नदी पार कर ली और उसे कोई हानि भी नही हुइ!

उमैर खान
कक्षा आठवीं द्वितीय पाली

कहानी

एक बार तथागत बुद्ध अपने शिष्यों के साथ जा रहे थे । रास्ते में कुछ गड्ढे खुदे थे और उनके अंदर नर कंकाल पड़े थे । बुद्ध के शिष्य ने पूछा, " तथागत इन गड्ढों में यह नर कंकाल क्यों पड़े हैं?" तथागत बुद्ध ने कहा , "इन लोगों को प्यास लगी थी, इन लोगों ने कुआं खोदना चाहा, लेकिन यह अलग-अलग कुआं खोदने में लग गए और कुआं खोदते खोदते ही मर गए । न तो उनको पानी मिला न ही इनकी प्यास बुझी और इनकी मौत भी हो गई । यदि ये लोग एक साथ मिलकर एक कुआं खोदते तो कुआं भी खुदता शक्ति भी कम लगती इनकी प्यास भी बुझती और ये जिंदा भी रहते ।

शिक्षा: एकजुटता हमें सफलता की ओर ले जाती है।

प्रिंस कक्षा ४
द्वितीय पाली

कहानी

एक किसान था .उसके चार बेटे थे और चारो बेटे बहुत ही आलसी थे. वह कुछ भी कामकाज नहीं करते थे .किसान दिन भर अपने खेत में काम करता था और कोई भी लड़का उसका हाथ बटाने नहीं आता था. किसान बहुत चिंतित रहता था की उसके मरने के बाद उसके चारों बेटों का क्या होगा. यही बात उसे दिन -रात खाए जाती थी. एक दिन किसान बहुत बीमार हो गया .उसे पता चल गया कि अब उसका अंतिम समय निकट है .उसने अपने चारों बेटों को बुलाया और कहा कि -मैं जानता हूं मेरे मरने के बाद तुम चारों कुछ नहीं करोगे तुम्हारे खाने-पीने का भी ठिकाना नहीं रहेगा ,इसीलिए मैंने खेत में बहुत सारा धन छुपा कर रखा हुआ है ,तुम वह धन खोज कर निकाल लेना और अपनी जिंदगी को आराम से जीना. इतना कहने के बाद किसान की मृत्यु हो गई और किसान के चारो बेटे बहुत दुखी हुए, परंतु अब क्या हो सकता था. कुछ दिन तो वह घर में रखा हुआ अनाज खाते रहे. लेकिन आखिरी में वह भी खत्म हो गया उन्होंने सोचा अब तो हमें खेत को खोदकर खजाना निकालना ही पड़ेगा इसके अलावा अब कोई भी उपाय हमारे पास नहीं बचा है .ऐसा सोचकर चारो बेटे सुबह उठे और खेत को खोदने पहुंच गए .खेत बहुत बड़ा था और उनमें से किसी को भी इस बात का पता नहीं था कि खजाना खेत के किस हिस्से में छुपा हुआ है .जिस कारण उन्हें पूरा खेत खोदना पड़ा. यह क्रम चार-पांच दिन तक चलता रहा चारो बेटे सुबह उठते और खजाने के लालच में खेत को खोदते रहते .आखिर में उन्होंने सारा खेत अच्छे से खोद दिया .लेकिन उन्हें खजाना कहीं भी नहीं मिला वह बहुत दुखी हुए .फिर उन्होंने सोचा जब हमने इतनी मेहनत कर ही ली है तो क्यों ना अब हम खेत में बीज ही डाल दे . जिससे फसल ही हो जाएगी और हम वह फसल बेच कर हम कुछ पैसे कमा लेंगे. जिससे हमें भोजन प्राप्त होगा ,आगे की फिर आगे देखेंगे. ऐसा सोचकर चारों ने .

मुदब्बीर कक्षा ४
द्वितीय पाली

कहानी

एक राजा अपने जन्मदिवस पर अपने राज्य के गरीब लोगों की सहायता किया करता था। वह गरीब जनता को छोटे-छोटे खेत दान में देता था, ताकि वे लोग मेहनत करके अपनी व अपने परिवार की रोजी-रोटी चला सकें। राजा अब तक कई लोगों को खेत दे चुका था।

एक दिन ऐसा ही एक किसान अपने खेत में हल चला रहा था। अचानक उसका हल मिट्टी के अंदर किसी वस्तु से टकराया। मिट्टी खोदने पर किसान को वहाँ सोने की एक ओखली और मूसल पड़ा हुआ दिखाई दिया। यह देखकर वह आश्चर्यचकित रह गया। वह ओखली और मूसल को घर ले आया।

किसान ने सोचा, 'क्योंकि यह खेत राजा का है तो इसमें मिलने वाली हर वस्तु भी राजा की है।' किसान ने मन ही मन निर्णय लिया कि वह सोने की ओखली राजा को दे देगा और मूसल अपने लिए रख लेगा।

किसान की एक बेटी थी जो बुद्धिमान व बहुत ईमानदार थी। किसान ने अपने मन की बात अपनी बेटी को बताई। उसने अपने पिता से कहा, "ऐसा कभी मत करना पिताजी। यदि तुम राजा को केवल ओखली दोगे तो वह मूसल के विषय में अवश्य पूछेगे। इसलिए आप उन्हें ओखली व मूसल, दोनों ही दे दीजिए।"

किसान ने अपनी पुत्री की बात को अनसुना कर दिया। वह केवल ओखली लेकर राजदरबार में गया और उसने राजा को ओखली दे दी। राजा ने तुरंत मूसल के विषय में किसान से पूछा। किसान राजा को कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। राजा को किसान के ऊपर बहुत गुस्सा आया।

मुसव्वीर कक्षा 8
द्वितीय पाली

मंज़िल

कुछ करना है , तो डटकर चल।
थोड़ा दुनिया से हटकर चल।
लीक पर तो सभी चल लेते है।
कभी इतिहास को पलटकर चल।।
बिना काम के मुकाम कैसा ?
बिना मेहनत के , दाम कैसा ?
जब तक ना हासिल हो मंज़िल
तो रहा में आराम कैसा ?
अर्जुन सा , निशाना रख।
मन में , ना कोई बहाना रख!
लक्ष्य सामने है , बस उसी पे अपना ठिकाना रख।।
सोच मत , साकार कर।
अपने कर्मो से प्यार कर।
मिलेगा तेरी मेहनत का फल। किसी और का ना इंतजार कर
जो चले थे अकेले उनके पीछे आज मेले है .....
जो करते रहे इंतजार उनकी
जिंदगी में आज झमेले है।।

आयशा कक्षा = 6 अ
सदन = रमन द्वितीय पाली

मेरे गांव की धरती

मैं रहूँ चाहे कहीं भी... या आऊं बरसों बाद
मेरी यादों को दिल से लगा के रखती हैं आबाद
मुद्दतों से मेरा, हरदम इन्तजार करती
मेरे गांव की धरती, मेरे गांव की धरती

तेरे ही पावन आँचल पे चलना हमने सीखा
तेरी रौनक के आगे सबकुछ है फीका-फीका
चाहे रहूँ मैं दिल्ली दुबई.... सिडनी या रंगून
मगर तेरी गोद में ही दिल को मिलता है सुकून
तू ही मेरे हर जख्म, हर दर्द को हरती
मेरे गांव की धरती, मेरे गांव की धरती

तुझसे जन्म-जन्म का रिश्ता, जन्म-जन्म का नाता है
तेरे ही आशीर्वाद से परचम, हर जगह लहराता है
काम करेंगे ऐसा कुछ की मान तेरा बढ़ जाये
तेरी रक्षा खातिर तो हम बलबेदी पे चढ़ जाये
तेरी छवि आँखों से, हरगिज नहीं बिसरती
मेरे गांव की धरती, मेरे गांव की धरती

निशांत यादव कक्षा :- 8
सदन :- टैगोर द्वितीय पाली

चुटकुले

1.अध्यापिका: इस वाक्य को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करो वसंत ने मुझे मारा

संजू: वसंतपंचमी

2.पत्नी ने सुबह 10:00 बजे गैस धीमी करके कुकर चढ़ाया और कहां की सीटियां गिनते रहना और तीन बज जाए, तब गैस बंद कर देना

147 सीटियां बज चुकी है और अभी पौने बारह ही बजे है.....

3.एक भारतीय नारी एक साथ 10 परिवारों की टेंशन लेकर चलती है,

एक खुद की

और बाकी 7 टीवी सीरियल्स की

और बाकी 2 पड़ोसियों की

साक्षी गौतम कक्षा-पाचवीं ब
द्वितीय पाली

ज्ञान की बाते

(1) घमंड बता देता है कितना पैसा है

(2) संस्कार बता देते है की परिवार कैसा है

(3) बोली बता देती है की इंसान कैसा है

(4) बहस बता देती है की ज्ञान कैसा है

(5) ठोकर बता देती हैं ध्यान कैसा है

(6) नजरे बता देती हैं की सूरत कैसी है

(7) स्पर्श बता देता है की नियत कैसे है

जिया कक्षा=5B
द्वितीय पाली

सुविचार

1. जिंदगी हमेशा एक नया मौका देती है सरल शब्दों में उसे 'आज ' कहते हैं ।
2. जीवन में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है, जिसे लोग कहते हैं कि आप नहीं कर सकते ।
3. असफलता हमें दुनिया का परिचय कराती है ,और सफलता हमारा परिचय दुनिया से करवाती है ।
4. हमेशा छोटी-छोटी गलती से बचना चाहिए क्योंकि ,इंसान पहाड़ों से नहीं पत्थरों से ठोकर खाता है ।

निकिता कुमारी कक्षा : नौवीं
द्वितीय पाली

सफाई कर्मचारी

सर्दी गर्मी वर्षा में भी,

झाड़ू उसका जरा ना रुकता आसपास को स्वच्छ बनाकर, बीमारियों को दूर भगाता । गली मोहल्ले चौराहे भी, उसके परिश्रम के परिचायक। विद्यालय और अस्पताल भी, उसके गीतों के गायक हैं। स्वच्छ भारत अभियान का, वह है असली नायक । कार्य है उसका कितना महान, समाज से पाता कितना मान। हमको नहीं जरा भी भान, करते लघुता का नित पान। समाज की खोटी नजरों ने, छोटा तुमको माना ।

सच में , कितना खुद को, कितना तुमको जाना ।

स्वच्छ सुंदर स्वर्णिम भारत की ,

जंग अभी भी जारी है ।

मेरी तेरी उसकी भी ,

कुछ तो जिम्मेदारी है।

वृक्षारोपण ,जल संरक्षण और साफ सफाई में,

बहुत ज़रूरी सबकी भागीदारी है ।

तुम देशभक्त तुम देश पूत,

तुमको मेरा नमन वंदन अकूत है स्वच्छता दूत तुम ही भारत माता के सपूत।।

ओम प्रकाश
स्नात्तकोत्तर शिक्षक
प्रथम पाली

हौसला

जिन्दगी ठहर जाए

ये मुमकिन तो नहीं

वक्त बुरा है,

ज़रा संभल के चलो ।

रास्ते सुनसान हैं

